राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की अपील

प्लाज्मा दान करें, मानवता में सहयोग करें

जयपुर, 31 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों का प्लाज्मा दान करने का आहवान किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि '' वर्तमान में चल रही कोरोना महामारी से राज्य के समस्त नागरिक, संस्थायें, डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ, पुलिस, प्रशासन एकजुट होकर मुकाबला कर रहे हैं। मैं सभी का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। इस महामारी पर विजय प्राप्त हो, ऐसी मेरी शुभकामना है। ''

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि '' प्लाज्मा थैरेपी, कोरोना का एक प्रभावी उपचार है। प्लाज्मा उसी व्यक्ति का लिया जाता है, जो इस बीमारी से जंग जीतकर ठीक हुआ है। वर्तमान में प्रदेश के लगभग 27 हजार व्यक्ति इस बीमारी से संक्रमित होने के बाद ठीक हो चुके हैं। '' उन्होंने कहा कि '' कोरोना पर विजय पाये उन सभी व्यक्तियों का मैं आहवान करता हूँ कि वे आगे आयें, अपना प्लाज्मा, रक्तदान के माध्यम से, दान दें, ताकि कोविड़ से ग्रसित गम्भीर मरीजों को प्लाज्मा थैरेपी से जीवनदान मिल सके। ''

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि '' राज्य के सभी नागरिक जिन्होंने अपनी–अपनी सुविधानुसार इस महामारी से बचने के लिए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग किया है, उनसे फिर आग्रह है कि उनके आस–पास जो भी मरीज ठीक हुये हैं, उन्हें प्लाज्मा दान करने के लिए प्रेरित करें। कोरोना महामारी से शीघ्र मुक्ति प्राप्त करने मे सहयोग करें। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के साथ ही संभागीय स्तर के मेडिकल कॉलेजों में यह सुविधा उपलब्ध है। '' उन्होंने कहा है कि '' कोविड–19 से ठीक हुए अधिक से अधिक व्यक्ति प्लाज्मा दान करें। साथ ही साथ दूरी बनायें रखे, मास्क का उपयोग करें एवं हाथों को सेनेटाइज करते रहें। ''

राज्यपाल का ईदुलजुहा पर पैगाम

जयपुर, 31 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने ईदुलजुहा पर प्रदेशवासियों को पैगाम दिया है। राज्यपाल ने अपने पैगाम में आशा व्यक्त की है कि हजरत इब्राहिम के महान् बलिदान की याद दिलाने वाला मुबारक मौका हमारी समृद्ध संस्कृति को और मजबूत करेगा तथा सब के दिलों में प्रेम और सद्भावना को बढ़ाएगा।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान इस मुबारक मौके पर घर से ही इबादत करें। राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेश व देश में आपसी प्रेम, भाईचारा, शांति, एकता और खुशहाली की कामना की है।

कुलाधिपति से कुलपति की मुलाकात

जयपुर, 31 जुलाई। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को यहां राजभवन में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के नवनियुक्त कुलपति श्री विनोद कुमार सिंह ने मुलाकात की। कुलाधिपति श्री मिश्र से कुलपति श्री सिंह की यह शिष्टाचार भेंट थी।

—

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान
9829271189